Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

يٰۤاَيُّهَا الَّذِيۡنَ اٰمَنُوۡا لَا تَتَّخِذُوا الَّذِيۡنَ اتَّخَذُوۡا دِيۡنَكُمۡ هُزُوًا وَّلَعِبًا مِّنَ الَّذِيۡنَ اُوۡتُوا الۡكِتٰبَ مِنۡ قَبۡلِكُمۡ وَالۡكُفَّارَ اَوۡلِيَآءَ ۚ وَاتَّقُوا اللّٰهَ اِنۡ كُنۡتُمۡ مُّؤۡمِنِيۡنَ

(सूरत अन्निसा आयत : 174)

अनुवाद :हे वे लोगो जो ईमान लाए हो। उन लोगों में से जिन्हें तुम से पहले किताब दी गई उनको जिन्होंने तुम्हारे दीन को हंसी ठट्ठाऔर खेल तमाशा बना रखा है और कुफ़्फ़ार को अपना दोस्त न बनाओ और अल्लाह से डरो यदि तुम मोमिन हो।

بِسۡمِ اللّٰهِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِيۡمِ نَحۡمَدُهٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِهِ الۡکَرِيۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِهِ الۡمَسِيۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّةٌ

वर्ष- 6
अंक- 45

मूल्य
575 रुपए
वार्षिक

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly
BADAR Qadian
HINDI

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

5 रबीय्युल सानी 1443 हिज्री कमरी 11 नबुव्वत 1400 हिज्री शम्सी 11 नवम्बर 2021 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़ज़ल नाज़िल करता रहे। आमीन

आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की नसीहतें

ईमान उस वक़्त तक पूर्ण नहीं हो सकता जब मैं (हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम) तुम्हें तुम्हारी अपनी जान से भी अधिक अज़ीज़ न हो जाऊं

उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने अर्ज़ क्या, हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम आप मुझे हर चीज़ से अधिक अज़ीज़ हैं, अतिरिक्त मेरी अपनी जान के। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया नहीं, उस ज़ात की क़सम जिसके हाथ में मेरी जान है। ईमान उस वक़्त तक पूर्ण नहीं हो सकता जब मैं तुम्हें तुम्हारी अपनी जान से भी अधिक अज़ीज़ न हो जाऊं। उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने अर्ज़ किया फिर वल्लाह अब आप मुझे मेरी अपनी जान से भी अधिक अज़ीज़ हैं। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया, उमर! अब तेरा ईमान पूरा हुआ।

(सही बुख़ारी, किताब अल् ईमान वन्न नज़ूर, बाब क़ैफा कानत यमीनुन्नबिय्यो सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम)

जितना इन्सान सच्चाई को धारण करता है और सच्चाई से मुहब्बत करता है उतना उसके दिल में ख़ुदा के कलाम और नबियों की मुहब्बत और मार्फ़त (अनुभूति) पैदा होती है।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

सच्चाई के बारे में हज़रत सय्यद अब्दुल क़ादिर जीलानी की घटना

सय्यद अब्दुल क़ादिर जीलानी रहमहुल्लाह अलैहि के वर्णन में वर्णित है कि जब वह अपने घर से विद्या प्राप्त करने के लिए निकले तो उनकी माता जी ने उनके हिस्सा की 80 अशर्फ़ियां उन की बग़ल के नीचे कपड़े में सी दीं और यह नसीहत की कि बेटा झूठ न बोलना। सय्यद अब्दुल कादिर जब विदा हुए,तो पहली ही मंज़िल में एक जंगल में से उनका गुज़र हुआ। जहां चोरों और डाकुओं का एक बड़ा क़ाफ़िला रहता था। चोरों का एक गिरोह उनको मिला। उन्होंने उनको पकड़कर पूछा कि तुम्हारे पास क्या है? उन्होंने देखा कि यह तो पहली ही मंज़िल में परीक्षा आ गई। अपनी माता की अन्तिम नसीहत पर ग़ौर किया और कहा कि मेरे पासा 80 अशर्फ़ियां हैं जो मेरी बग़ल के नीचे मेरी माता जी ने सी दी हैं। वह चोर यह सुनकर बहुत हैरान हुए कि यह फ़क़ीर क्या कहता है! ऐसा सच्च बोलने वाला हमने कभी नहीं देखा। वह उन्हें पकड़ कर अपने सरदार के पास ले गए और सारा क़िस्सा वर्णन किया। उसने जब सवाल किया। तब फिर सय्यद अब्दुल-क़ादिर जीलानी रज़ि ने वही उत्तर दिया। आख़िर जब उनके कपड़ों के उस हिस्सा को फाड़ कर देखा गया तो वास्तव में उस में 80 अशर्फ़ियां थीं। इन सबको हैरानी हुई और इस सरदार ने पूछा कि यह क्या बात है। इस पर फिर सय्यद अब्दुल उल-क़ादिर जीलानी रज़ि ने अपनी माता की नसीहत का वर्णन कर दिया और कहा कि मैं धर्म के ज्ञान को प्राप्त करने के लिए चला हूँ, यदि पहली ही मंज़िल पर झूठ बोलता तो फिर क्या प्राप्त करता। इस लिए मैंने सच को नहीं छोड़ा। जब उन्होंने यह वर्णन किया तो वह सरदार चीख़ें मार कर रो पड़ा और आपके क़दमों पर गिर गया और अपने गुनाहों से तौबा की। कहते हैं कि पहला मुरीद आपका वही था।

अत: सच्चाई ऐसी चीज़ है जो इन्सान को मुश्किल से मुश्किल समय में भी नजात देता है। सादी ने सच कहा है कि

कस नदीदम कि ग़म शुद अज़ राहे रास्त

अत: जितना इन्सान सच्चाई को धारण करता है और सच्चाई से मुहब्बत करता है उतना उसके दिल में ख़ुदा के कलाम और नबियों की मुहब्बत और मार्फ़त (अनुभूति) पैदा होती है। क्योंकि वे समस्त रास्तबाज़ों के नमूने और चश्मे होते हैं।كُوۡنُوۡا مَعَ الصّٰدِقِيۡنَ(अत्तौब:119)का आदेश इसी नियम पर है

सिद्दीक़ पर क़ुरआन करीम के मआरिफ का फ़ैज़ान

सार यह कि दूसरा कमाल शेष पृष्ठ 9 पर

रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने यह सुन्नत क़ायम की है कि मुसलमान अपने सब कामों को बिसमिल्लाह से शुरू किया करें

सय्यदना हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हो बिसमिल्लाह की फ़ज़ीलत के विषय में फ़रमाते हैं

बिसमिल्लाह की फ़ज़ीलत पर रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने विशेष ज़ोर दिया है आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम फ़रमाते हैं

كُلُّ اَمۡرٍ ذِیۡ بَالٍ لَا يُبۡدَاُ فِيۡهِ بِسۡمِ اللّٰهِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِيۡمِ اَقۡطَعُ

(اربعین حافظ عبدالقادر عن ابی ہریرۃ بحوالہ الدُّرَرُالۡمَنۡثُور)

अर्थात जिस बड़े काम को बिसमिल्लाह से शुरू न किया जाए वह बे बरकत होता है। इसलिए रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने यह सुन्नत क़ायम की है कि मुसलमान अपने सब कामों को बिसमिल्लाह से शुरू किया करें। इसलिए एक हदीस है।

اُغۡلُقۡ بَابَكَ وَ اۡ ذۡكُرِ اسۡمَ اللّٰهِ عَزَّوَجَلَّ فَاِنَّ الشَّيۡطٰنَ لَا يَفۡتَحُ بَابًا مُغۡلَقًا وَاطۡفِیٔۡ مِصۡبَاحَكَ وَاذۡكُرِ اسۡمَ اللّٰهِ وَخَمِّرۡ اِنَاءَكَ وَلَوۡ بِعُوۡدٍ تعرضه وَ اذۡكُر اسۡمَ اللّٰهِ وَاَوۡكِ سِقَاءَكَ وَاذۡكُر اسۡمَ اللّٰهِ عَزَّوَجَلَّ

(مسند احمد بن حنبل جلد ثالث صفحه 319)

अर्थात अपना दरवाज़ा बंद करते हुए भी बिसमिल्लाह कह लिया करो और चिराग़ बुझाते हुए भी और बर्तन को ढाँकते हुए भी और अपनी मुश्क का मुँह बाँधते हुए भी। इसी तरह पत्नी के पास जाते हुए। वुज़ू करते हुए, खाना खाते शेष पृष्ठ 9 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

क़ुरआन-ए-मजीद की हिफ़ाज़त करने वाला अल्लाह तआला है

(क़ुरआन-ए-मजीद की 26 आयतों पर आरोपों के उत्तर)

मुहम्मद हमीद कौसर, नाज़िर दावत इलाल्लाह मर्कज़िया उत्तर भारत क़ादियान (भाग-1)

इस धरती पर बसने वाले करोड़ों मुस्लमानों का यह ईमान और विश्वास क़ियामत तक रहेगा कि क़ुरआन-ए-मजीद अल्लाह का कलाम है और नुज़ूल के दिन से ही अल्लाह तआला ने उसको अपने संरक्षण में रखा हुआ है और क़ियामत तक रखेगा। और यह भी एक हक़ीक़त है कि पिछली चौदह सदियों में शैतानी और पिशाचवृत्त ताक़तों ने इस कलाम इलाही में सैंकड़ों मर्तबा आपति और संदेह पैदा करने की कोशिशें कीं और यह सिलसिला अब तक जारी है। वर्तमान में ही लखनऊ के वसीम रिज़वी नामी एक व्यक्ति ने सुप्रीमकोर्ट आफ़ इंडिया में एक अर्ज़ी दाख़िल की और 26 क़ुरआन-ए-मजीद की आयतों को हज़फ़ करने का मुतालिबा किया। निवेदन पत्र देने वाले के अनुसार इन आयते में दहश्तगर्दी और इंतिहापसंदी की शिक्षा दी गई है जिस से वर्तमान समय में कुछ गिरोह नौजवानों को दहश्तगर्दी के लिए वरग़लाते हैं और उस के कथन के अनुसार ये आयते मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के पवित्र जीवन में क़ुरआन-ए-मजीद का हिस्सा नहीं थीं बल्कि ख़ुलफ़ा-ए राशेदीन में से पहले तीन खलिफ़ा-ए-ने उनको क़ुरआन-ए-मजीद में शामिल किया।

अलहम्दो लिल्लाह तिथि 12 अप्रैल 2021ई. को सुप्रीमकोर्ट ने ऊपर वर्णित निवेदन ख़ारिज कर दिया और उस पर अपनी नाराज़गी का प्रकटन करते हुए पच्चास हज़ार रुपय (50,000) जुर्माना डाल दिया। इसलिए इस विषय में रोज़नामा हिंद समाचार में तिथि 13 अप्रैल 2021को निमन्लिखित ख़बर प्रकाशित हुई :

नई दिल्ली 12 अप्रैल (यू एन आई) : सुप्रीमकोर्ट ने सोमवार को क़ुरआन-ए-मजीद की 26 आयते को हटाने का निवेदन ख़ारिज कर दिया। जस्टिस रोहिंगटन फ़ाली नरेमन के प्रबंध वाली बैंच ने उतर प्रदेश शीया वक़्फ़ बोर्ड के पूर्व चेयरमैन वसीम रिज़वी की दरख़ास्त ख़ारिज कर दी और उन पर 50,000 रुपय का जुर्माना लगाया। जस्टिस नरीमन ने कहा "यह मुकम्मल तौर पर ग़ैर संजीदा रिट पटीशन है'। केस की सुनवाई के दौरान जस्टिस नरीमन ने पूछा कि क्या निवेदन देने वाला इस दरख़ास्त के बारे में संजीदा है?'' उन्होंने कहा "क्या आप दरख़ास्त की समाअत पुर इसरार कर रहे हैं? क्या आप वाक़ई संजीदा हैं?"

क़ुरआन-ए-मजीद के ख़िलाफ़ फ़ुज़ूल और तुच्छ बातें करने वाले वसीम रिज़वी की तरफ़ से पेश सीनीयर ऐडवोकेट आर. के रायज़ादा ने उत्तर दिया कि वह मद्रस्सा तालीम के कवायद के लिए अपना निवेदन सीमित कर रहे हैं। इसके बाद उसने अपने साथी का मत प्रस्तुत किया, जिस से बैंच संतुष्ट नज़र नहीं आया और उसने 50 हज़ार रुपय जुर्माना करते हुए दरख़ास्त ख़ारिज कर दी।

ख़्याल रहे रिज़वी की अर्ज़ी में कहा गया था कि इन आयते में इन्सानियत के बुनियादी उसूलों को नज़रअंदाज किया गया है और ये मज़हब के नाम पर नफ़रत, क़तल, ख़ूनख़राबा फैलाने वाला है, इसके साथ ही ये आयते दहश्तगर्दी को बढ़ावा देने वाली है। रिज़वी का यह भी कहना था कि ये क़ुरआन-ए-मजीद की आयते मद्रस्सों में बच्चों को पढ़ाई जा रही हैं, जो उनकी बुनियाद डालने का कारण हैं दरख़ास्त में कहा गया है कि क़ुरआन-ए-मजीद की इन 26 आयते में ज़ुल्म की शिक्षा दी गई है, ऐसी तर्बीयत जो दहश्तगर्दी को बढ़ावा देती है उसे रोका जाना चाहीए। (हिंद समाचार, जालंधर, तिथि 13 अप्रैल 2021पृष्ठ 2,1)

अलहमदो लिल्लाह 26 आयते याद करवाने के सिलसिला में निवेदन तो ख़ारिज हो गया परन्तु निवेदन देने वाला और उसके साथियों ने वर्णित आयते और बुख़ारी की कुछ अहादीस के हवाले से क़ुरआन-ए-मजीद के बारे में संदेह और आपत्ति अख़बार, रेडीयो, टेलीविज़न के माध्यम से पैदा करने की कोशिश की है जिससे कुछ ग़ैर मुस्लिमों के ज़हनों में यह प्रश्न पैदा हुआ कि :

(1) जब एक मुस्लमान ने क़ुरआन-ए-मजीद के बारे में तहरीफ़ और तबदील करने का आरोप लगाया है तो इस में सच्चाई किया है?

(2) दूसरी तरफ़ मुस्लमानों की नई नसल मुस्लमान होने के बावजूद अर्ज़ी देने वाला के तहरीर करदा आरोपों का उत्तर चाहती है। ताकि वे इस उत्तर की रोशनी में ख़ुद को और ग़ैरमुस्लिम दोस्तों को क़ुरआन-ए-मजीद की सदाक़त का क़ायल कर सके।

वर्णित वजूहात की बिना पर वसीम रिज़वी के तहरीर करदा आरोपों के उत्तर तहरीर कर दिए गए हैं। इस दुआ के साथ कि अल्लाह तआला इन उत्तरों को मुस्लमानों और दूसरे मज़ाहिब के अच्छी परिवर्ती वाले दोस्तों के दिलों में पैदा शूदा संदेहों के निवारण का बायस बना दे। आमीन। तथा ख़ुदा क़ुरआन-ए-मजीद के बारे में उनके ईमान को ओर मज़बूती प्रदान करे। आमीन।

आरोप नंबर 1: रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम जो कि 632 ई. में फ़ौत हुए अल्लाह तआला ने उन्हें इन्सानियत के लिए एक संदेश दिया था और यह क़ुरआन-ए-मजीद उनकी ज़िंदगी में नहीं बना था बल्कि आपके बाद बनाया गया।

उत्तर : हर सच्चा और हक़ीक़ी मुस्लमान यह विश्वास और ईमान रखता है कि ख़ुदा तआला ने मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम पर तक़रीबन 23 वर्ष के अरसा में क़ुरआन-ए-मजीद नाज़िल फ़रमाया और इसी नाज़िल करने वाले ख़ुदा ने इसी क़ुरआन-ए-मजीद में यह ऐलान और वादा सदैव के लिए फ़र्मा दिया कि :

إِنَّا نَحْنُ نَزَّلْنَا الذِّكْرَ وَإِنَّا لَهُ لَحَافِظُونَ (1) (सूरत अल् हिज्र, आयत नंबर 10)

अनुवाद : नि संदेह हमने ही यह ज़िक्र उतारा है और नि संदेह हम ही इस की हिफ़ाज़त करने वाले हैं। इस आयत-ए-करीमा में अल्लाह तआला ने वादा फ़र्मा दिया कि मैंने ही क़ुरआन-ए-मजीद को उतारा है और मैं ही इस का हिफ़ाज़त करने वाला और संरक्षक रहूँगा। और ज़मीन पर रहने वाले किसी इन्सान की मजाल नहीं कि वह इस में कमी बेशी कर दे। इस वादे से यह मालूम होता है कि यदि किसी ने यह जुर्रत और साहस किया कि क़ुरआन-ए-मजीद में कोई रद्द-ओ-बदल कमी या बढ़ोतरी करे उसे सर्व शक्तिमान ख़ुदा कदापि ऐसा नहीं करने देगा पिछली 14 सदियां इस पर गवाह और शाहिद हैं।

क़ुरआन-ए-मजीद के नुज़ूल और जमा करने की तारीख़

एक अनुमान के अनुसार क़ुरआन-ए-मजीद का नुज़ूल 24 नातिक़ (रमज़ान) के अनुसार 20 अगस्त 610 ई.को शुरू हुआ और हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की वफ़ात तिथि यक्म रबीउल अव्वल11 हिज्री के अनुसार 26 मई 632 ई. तक मुख़्तलिफ़ औक़ात में नाज़िल होता रहा। इस हिसाब से आपकी नबुव्वत के दिनों की संख्यां तक़रीबन सात हज़ार नौ सौ सत्तर (7970) बनती है और क़ुरआन-ए-करीम के शब्द की मजमूई संख्यां (77924) बनती है। इस हिसाब से प्रतिदिन नुज़ूल की औसत कम-ओ-बेश नो (9) शब्द बनते हैं। तारीख़ से इलम होता है कि कभी कबार क़ुरआन-ए-मजीद की आयते अत्याधिकत नाज़िल होती थीं और कभी कबार कम। और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का तरीक़ मुबारक था कि जितनी आयते नाज़िल होतीं हैं सहाबा किराम को साथ साथ ज़बानी याद करवा देते। नुज़ूल क़ुरआन-ए-मजीद की आरंभ से ही हज़रत जिब्राईल सय्यदना मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के पास से उस समय तक नहीं जाते जब तक आपके हाफ़िज़े में नाज़िल शूदा आयते महफ़ूज़ और याद न हो जातीं और जिब्राईल के जाने के बाद आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम अपने सहाबा के पास आते तो उन को नाज़िल शुदा आयते साथ-साथ याद करवाते जाते और इस तरह क़ुरआन-ए-मजीद सहाबा के हाफ़िज़ा में रोज़ अव्वल से ही महफ़ूज़ होता चला जा रहा था। सहाबा के सीने और हाफ़िज़े में जो क़ुरआन-ए-मजीद जमा और महफ़ूज़ होता रहा वह ताबेईन और तबा ताबेईन ने अपने हाफ़िज़ा और सीने में महफ़ूज़ किया और वही क़ुरआन-ए-मजीद नसल दर नसल सीने से सीने आज तक मुस्लमानों के हाफ़िज़ा में महफ़ूज़ है और एक के बाद दूसरी नसल में स्थानांतरित होता चला जा रहा है। तारीख़-ए-इस्लाम में ज़िक्र है सय्यदना मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने अपनी हयाते मुबारका में जो आख़िरी हज फ़रमाया इस में तक़रीबन एक लाख चौबीस हज़ार (124000) सहाबा थे और यह एक स्वभाविक और क़ुदरती बात है कि इन में से एक बड़ी संख्यां ऐसे हुफ़्फ़ाज़ की थी जिनके हाफ़िज़ा और सीने में क़ुरआन-ए-मजीद महफ़ूज़ था। फिर रमज़ानुल मुबारक में तरावीह का

शेष पृष्ठ 10 पर

ख़ुत्बः जुमअः

हज़रत उमर फ़ारूक रज़ियल्लाहु अन्हो के ख़िलाफ़त के समय में इस्लामी सलतनत का दायरा दूर दराज़ इलाक़ों की सरहदों को छूने लगा इस्लामी सलतनत पूर्व में दरयाए जेहून और दरयाए सिंध से लेकर पश्चिम में अफ़्रीक़ा के रेगिस्तानों तक और उत्तर में एशिया कोचक के पहाड़ों और अर्मानिया से लेकर दक्षिण में बहर-ए-काहिल और नूबा तक एक विश्वव्यापी मुल्क की शक्ल में दुनिया के नक़्शा पर हुई

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के महान ख़लीफ़ा राशिद फ़ारुके आज़म हज़रत उमर बिन ख़त्ताब रज़ियल्लाहु अन्हु की विशेषताओं और गुणों का वर्णन

जंगे फ़रामा, फ़तह बिल्बीस बीस, फ़तह उम्मे दुनीन, मार्क फ़ुसतात, तसख़ीर-ए-सिकंदरीया, फ़तह बर्का और तुर्राबलस इत्यादि का विस्तारपूर्वक वर्णन तथा मुस्तश्रिक़ीन की ओर से हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो के हुक्म पर सिकंदरीया की लाइब्रेरी जलाने के घटना की विस्तारपूर्वक जाँच

याद रखें कि यह मसायब और मुश्किलात जो हैं हमें ख़ुदा तआला के क़रीब करने वाले होने चाहिएं और यही फ़ुतूहात का फिर माध्यम बनते हैं, यदि इन बातों में हम केवल डर के पीछे पीछे रहते रहें और अपनी इस्लाह की तरफ़ तवज्जा न करें तो फिर तरक़्क़ी नहीं हो सकती, हाँ जब प्रगति मिल जाएं और मसायब ख़त्म हो जाएं तब भी हमारा सम्बन्ध अल्लाह तआला से रहना चाहिए लेकिन इन दिनों में विशेषता अल्लाह तआला की तरफ़ अधिक तवज्जा होनी चाहिए और हमें अपनी रुहानी तरक़्क़ी और रुहानी बेहतरी की तरफ़ ध्यान देना चाहिए।

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 01 अक्तूबर 2021 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَاالضَّآلِّيْنَ

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु एक अवसर पर एक तक़रीर में तब्लीग़ के बारे में जब वर्णन फ़रमा रहे थे तो उस वक़्त हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु के ज़माने की घटनाओं का वर्णन करते हुए फ़रमाते हैं कि "रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की फ़ात के बाद जो लड़ाईयां हुई हैं उनमें अक्सर औक़ात मुसलमानों की क़िल्लत होती थी।

शाम की लड़ाई में सिपाहियों की बहुत कमी थी। हज़रत अबू उबेदा रज़ियल्लाहु अन्हो ने हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो को लिखा कि दुश्मन बहुत अधिक संख्या में है। इसलिए और फ़ौज भेजने का बंद-ओ-बस्त फ़रमा दें। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने जायज़ा लिया तो आप रज़ियल्लाहु अन्हो को नई फ़ौज का भर्ती करना असम्भव मालूम हुआ क्योंकि अरब के इर्दगिर्द के क़बायल के नौजवान या तो मारे गए थे या सबके सब पहले ही फ़ौज में शामिल थे। आप रज़ियल्लाहु अन्हो ने मश्वरा के लिए एक जलसा किया और इस में मुख़्तलिफ़ क़बायल के लोगों को बुलाया और उनके सामने यह मुआमला रखा। उन्होंने बताया कि एक क़बीला ऐसा है जिसमें कुछ आदमी मिल सकते हैं। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने एक अफ़्सर को हुक्म दिया कि वह तुरंत उस क़बीला में से नौजवान जमा करें और हज़रत अबू उबेदा रज़ियल्लाहु अन्हो को लिखा कि छः हज़ार सिपाही तुम्हारी मदद के लिए भेज रहा हूँ जो चंद दिनों तक तुम्हारे पास पहुंच जाएंगे। तीन हज़ार आदमी तो अमुक अमुक क़बायल में से तुम्हारे पास पहुंच जाएंगे और बाक़ी तीन हज़ार के बराबर अम्र बिन मादी करिब को भेज रहा हूँ।'' हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हो फ़रमाते हैं कि "हमारे एक नौजवान को यदि तीन हज़ार आदमी के मुक़ाबला में भेजा जाए तो वह कहेगा कि कैसी खिलाफ-ए-अक़्ल बात है। क्या ख़लीफ़ा की अक़्ल मारी गई है। एक आदमी कभी तीन हज़ार का मुक़ाबला कर सकता है! लेकिन उन लोगों के ईमान कितने मज़बूत थे। हज़रत अबू उबेदा रज़ियल्लाहु अन्हो को हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो का पत्र मिला तो उन्होंने पत्र पढ़ कर अपने सिपाहियों से कहा ख़ुश हो जाओ कल अम्र बिन मादी करिब तुम्हारे पास पहुंच जाएगा। सिपाहियों ने अगले दिन बड़े जोश के साथ अम्र बिन मादी करिब का स्वागत किया और नारे लगाए। दुश्मन समझा कि शायद मुसलमानों की मदद के लिए लाख दो लाख फ़ौज आ रही है इस लिए वह इस क़दर ख़ुश हैं हालाँकि वह अकेले अम्र बिन मादी करिब थे। इस के बाद वह तीन हज़ार फ़ौज भी पहुंच गई और मुसलमानों ने दुश्मन को शिकस्त दी हालाँकि तलवार की लड़ाई में एक आदमी तीन हज़ार का क्या मुक़ाबला कर सकता है।'' फ़रमाते हैं कि "भाषा की लड़ाई में तो एक आदमी भी कई हज़ार लोगों को अपनी बात पहुंचा सकता है परन्तु वे लोग ख़लीफ़-ए-वक़्त की बात को इतनी एहमीयत देते थे कि हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने अम्र बिन मादी करिब को तीन हज़ार सिपाहियों का क़ायम मक़ाम बना कर भेजा तो सिपाहियों ने यह एतराज़ नहीं किया कि अकेला आदमी किस तरह तीन हज़ार का मुक़ाबला कर सकता है बल्कि उसे तीन हज़ार के बराबर ही समझा और बड़ी शान-ओ-शौकत से इस का स्वागत किया। मुसलमानों के इस स्वागत की वजह से दुश्मन के दिल डर गए और वह यह समझे कि शायद लाख दो लाख फ़ौज मुसलमानों की मदद को आ गई है इस लिए मैदान-ए-जंग से उनके पांव उखड़ गए और वे शिकस्त खा कर निकले।'' आप रज़ियल्लाहु अन्हो फ़रमाते हैं कि "तत्काल हमें भी इस तरह अपने दिल को इतमीनान देना होगा।"

(स्पेन और सिसली में तब्लीग़-ए-इस्लाम और जमात अहमदिया, अनवारुल उलूम, भाग 18 पृष्ठ 359-360)

यश आप रज़ियल्लाहु अन्हो बता रहे थे कि यूरोप में स्पेन में और सिसली इत्यादि में तब्लीग़ किस तरह करनी है। इस विषय में यह वाक़िया वर्णन किया। अब फ़ुतूहात-ए-मिस्र का वर्णन करता हूँ। इस में एक जंग फ़िर्मा थी। "फ़िर्मा" मिस्र का एक प्रसिद्ध शहर था। यह बहीरा रुम और पलूज़ी के दहाने के क़रीब जो दरिया-ए-नील की सात शाख़ों में से एक शाख़ थी एक पहाड़ी पर आबाद था।

(सय्यदना हज़रत फ़ारूक़ आज़म रज़ियल्लाहु अन्हो अज़ मुहम्मद हुसैन हैकल अनुवादक हबीब अशअर, पृष्ठ 556-557 इस्लामी पुस्तक ख़ाना उर्दू बाज़ार कराची)

अल्लामा शिबली नुमानी के अनुसार बैतुल-मुक़द्दस की फ़तह के बाद हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो के इसरार पर हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो को चार हज़ार का लश्कर देकर मिस्र की तरफ़ रवाना किया लेकिन साथ यह भी हुक्म दिया कि यदि मिस्र पहुंचने से पहले मेरा पत्र मिले तो वापस लौट आना। अरीश पहुंचे थे कि हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो का पत्र पहुंचा। जबकि इस में आगे बढ़ने से रोका था लेकिन चूँकि शर्तिया हुक्म था इसलिए हज़रत अम्र रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा कि अब तो हम मिस्र की हद में आ चुके हैं और अरीश से चल कर फ़िर्मा पहुंचे।

(उद्धरित अल् फ़ारूक़ अज़ शिब्ली नुमानी पृष्ठ 160 दारुल इशात कराची 1991ई.)

इस्लामी जंगों पर मुश्तमिल एक किताब है अल् इक्तेफ़ा। इस में लिखा है कि जब हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो रफ़ह् स्थान तक पहुंचे तो आप रज़ियल्लाहु अन्हो को हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो का पत्र मिला था लेकिन आप रज़ियल्लाहु अन्हो ने इस डर से कि इस पत्र में वापस लौटने का हुक्म न हो जैसा कि हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने फ़रमाया था क़ासिद से पत्र नहीं लिया और चलते रहे यहां तक कि आप रफ़ह् और अरीश के मध्य एक छोटी बस्ती में पहुंचे और इसके सम्बन्ध में पूछा। बताया गया कि यह मिस्र की सीमा में है। अतः आप रज़ियल्लाहु अन्हो ने पत्र मंगवाया और उसे पढ़ा और इस में लिखा था कि आपके साथ जो मुसलमान हैं उन्हें लेकर वापस लौट आएं तो आपने अपने साथ के लोगों से कहा कि क्या तुम नहीं जानते कि यह मिस्र में है। उन्होंने कहा जी हाँ। तो आप रज़ियल्लाहु अन्होने कहा कि अमीरुल मौमेनीन रज़ियल्लाहु अन्हो ने

हुक्म दिया है कि यदि मुझे उनका पत्र मिस्र की सरज़मीन तक पहुंचने से पहले मिल जाए तो मैं वापस लौट आऊँ और मुझे यह पत्र मिस्र की सरज़मीन में दाख़िल होने के बाद मिला है। अत: अल्लाह का नाम लेकर चलो। और एक और रिवायत में यह भी कहा जाता है कि हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो फ़लसतीन में थे और वह बिना आज्ञा के अपने साथियों को लेकर मिस्र चले गए। यह बात हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो को नागवार गुज़री। अत: हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने उन्हें पत्र लिखा। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो का पत्र हज़रत अम्र रज़ियल्लाहु अन्हु को उस वक़्त मिला जब वह अरीश के क़रीब थे। अत: आपने व: पत्र नहीं पढ़ा यहां तक कि आप अरीश पहुंच गए। फिर आपने पत्र पढ़ा। इस में लिखा था कि उमर बिन ख़त्ताब रज़ियल्लाहु अन्हो की तरफ़ से अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो के नाम। इसके बाद, यक़ीनन तुम मिस्र अपने साथियों के साथ गए हो और वहां रोमियों की बड़ी संख्या है और तुम्हारे साथ थोड़े लोग हैं। मेरी आयु की क़सम! अल्लाह तुम्हारा भला करे। बेहतर होता यदि तुम उन्हें साथ न ले जाते। अत: यदि तुम मिस्र नहीं पहुंचे तो वापस लौट आओ।(अल इक्तेफ़ा बिमा तज़मीना मिन मगाज़ी रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम भाग 2 पृष्ठ 324-325 इस्तख्लाफ़ उमर बिन अल् ख़िताब, दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 1420)

इस यात्रा में फ़िर्मा से पहले इस्लामी लश्कर की किसी भी रूमी सिपाही से मुलाक़ात नहीं हुई थी बल्कि जगह जगह मिस्रियों ने उनका स्वागत किया था और सबसे पहले फ़िर्मा में आमना-सामना हुआ था। यह तो मुख़्तलिफ़ रिवायतें हैं लेकिन वही रिवायत सही लगती है कि अरीश मिस्र की में पहुंचने के बाद उनको पत्र मिला। नहीं तो यह नहीं हो सकता कि बहाने बनाए जाएं कि हम मिस्र पहुँचेंगे तो पत्र खोलूँगा। बहरहाल जब वह मिस्र पहुंच गए थे तो फिर आगे बढ़ना था क्योंकि फिर मोमिन का क़दम पीछे नहीं उठता। रोमियों ने यह ख़बर सुनकर कि हज़रत अम्र रज़ियल्लाहु अन्हु के साथ आने वाली फ़ौज मामूली संख्या और नाक़ाबिल-ए-वर्णन जंगी तैयारियों में है अधिक दिनों तक घेराव नहीं कर सकते जबकि हम उनसे अधिक संख्या रखते हैं और इस की तैयारी कर रहे हैं और उन्हें हरा करके ले जाएंगे। तो रोमियों ने यह ख़्याल किया और वह शहर में क़िला बंद हो गए। उधर हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो को रोमियों की जंग की ताक़त का इलम हो चुका था कि असलाह और संख्या में कई गुना हम पर भारी हैं। इसलिए आप रज़ियल्लाहु अन्हो ने फ़िर्मा पर क़ाबिज़ होने के लिए योजना बनाई कि अचानक हमला करके फ़सील के दरवाज़ों को खोल दिया जाए या फिर उस वक़्त तक सब्र के साथ घेराव जारी रखा जाए जब तक कि शहरियों की ख़ुराक ख़त्म न हो जाए और भूख से बेताब हो कर बाहर न निकल आएं। इसलिए घेराव कर लिया। उधर मुसलमानों का घेराव सख़्त से सख़्त-तर होता जा रहा था और इधर रूमी भी अपनी ज़िद से पीछे नहीं हट रहे थे। इस तरह घेराव कई महीने जारी रहा। कभी कभी रूमी फ़ौज बाहर आती और दो-चार झड़पें करके पीछे हट जाती। इन झड़पों में मुसलमान ही ग़ालिब रहते। एक दिन रूमी अफ़्वाज की एक जमात बस्ती से बाहर निकल कर मुसलमानों से लड़ने निकली। मुक़ाबले में मुसलमान विजय रहे और रूमी हार कर बस्ती की तरफ़ भागे। मुसलमानों ने उनका पीछा किया और दौड़ने में काफ़ी तेज़ी का सबूत दिया और कुछ लोगों ने दरवाज़ों तक रोमियों के पहुंचने से पहले ही वहां पहुंच कर फ़सील का दरवाज़ा खोल दिया और फ़त्हे मुबीन का रस्ता साफ़ कर दिया।

(उद्धरित सय्यदना उमर बिन ख़त्ताब अज़ अल्-सलाबी, उर्दू पृष्ठ 755,756 अल् फुर्क़ान ट्रस्ट ख़ान गढ़ पाकिस्तान)

फ़तह बिल्बीस, यह किस तरह हुई। फ़िर्मा के बाद हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो ने बिल्बीस का रुख किया तो रूमी फ़ौज ने आप रज़ियल्लाहु अन्हो का रास्ता रोक लिया। बिल्बीस फ़ुसतात से तक़रीबन तीस मील दूर शाम के रस्ते पर एक शहर है। बहरहाल रस्ता रोक लिया ताकि मुसलमान बाबिल्यून के क़िला तक न पहुंच सकें। बाबिल्यून नाम पुराने शब्दकोश में मिस्र के घरों के लिए इस्तिमाल होता है विशेषता जहां फ़ुसतात आबाद हुआ उसे पहले बाबिल्यून कहा जाता था। रूमी फ़ौज यहीं लड़ना चाहती थी लेकिन हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो ने उनसे कहा तुम उस वक़्त तक जल्दी न करो जब तक हम अपनी बात तुम्हारे सामने रख न दें ता कि कल बहाने वाली कोई बात न रह जाए। फिर कहा कि तुम अपने पास से अबू मर्यम और अबू मरयम को मेरे पास प्रतिनिधि बना कर भेजो। इसलिए वे लोग लड़ने से रुक गए और इन दोनों सफ़ीरों को भेज दिया। ये दोनों प्रतिनिधि बिल्बीस वालों के राहिब थे। हज़रत अम्र रज़ियल्लाहु अन्हु ने उनके सामने इस्लाम लाने या जिज़्या देने की तजवीज़ रखी और साथ मिस्र वालों के बारे में रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहिस्सलाम अलैहि वसल्लम का यह फ़रमान भी पेश किया कि तुम मिस्र को फ़तह करोगे। वह ऐसा मुलक है जहां क़ीरात का नाम चलता है। अत: जब तुम उसे फ़तह कर चुकों तो उस के रहने वालों से एहसान का व्यवहार करना क्योंकि उनके लिए ज़िम्मेदारी और सिलारहमी है या फ़रमाया कि ज़िम्मेदारी और मुसाहरत है। इन दोनों सफ़ीरों ने यह बात सुनकर कहा यह बहुत दूर का रिश्ता है, उसे नबी ही पूरा कर सकते हैं। हमें जाने दो। हम वापस आ के बताएँगे। हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो ने कहा मुझ जैसे व्यक्ति को धोखा नहीं दिया जा सकता है। मैं तुम्हें तीन दिन की मोहलत देता हूँ आप लोग अच्छी तरह मुआमले पर ग़ौर कर लें। दोनों प्रतिनिधियों ने कहा कि एक दिन की और मोहलत दे दें। आपने उन्हें मज़ीद एक दिन की मोहलत दे दी। दोनों प्रतिनिधि लौट कर किब्तियों के सरदार मक़ूक़स और रूम के बादशाह की तरफ़ से मिस्र के हाकिम अर्त्बून के पास आए और मुसलमानों की बात उनके सामने रखी। अर्त्बून ने मानने से इनकार कर दिया और जंग का पुख़्ता इरादा करके रातों रात उसने मुसलमानों पर हमला कर दिया। अर्त्बून के इस लश्कर की संख्या बारह हज़ार वर्णन की जाती है। मुसलमानों की अच्छी ख़ासी संख्या इस युद्ध में शहीद हुई और रोमियों के एक हज़ार सिपाही क़तल और तीन हज़ार सिपाही गिरफ़्तार हुए और अर् मैदान छोड़कर भाग गया और कुछ ने कहा कि वह इसी जंग में मारा गया। मुसलमानों ने उसे उसके लश्कर समेत सिकंदरिया तक शिकस्त दी। इतिहासकार इस बात पर सहमत हैं कि मुसलमान बिल्बीस में एक महीना तक रहे। इस दौरान लड़ाई होती रही और आख़िर में फ़तह मुसलमानों को हुई लेकिन इस बात में उनका मतभेद है कि यह जंग शदीद थी या कम।

(सय्यदना उमर बिन ख़त्ताब अज़ सलाबी पृष्ठ 757-758 प्रकाशन अल् फुर्क़ान ट्रस्ट ख़ान गढ़ पाकिस्तान) (उद्धरित हज़रत उमर फ़ारूक़ आज़म रज़ियल्लाहु अन्हो अज़ मुहम्मद हुसैन हैकल अनुवादक हबीब अशअर, पृष्ठ 564-565 इस्लामी पुस्तक ख़ाना उर्दू बाज़ार लाहौर)(الاکتفاء بما تضمنه من مغازی رسو ل اللہ... جزء2 पृष्ठ 346 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 1420) (मौअज्मुल बुल्दान, भाग 1 पृष्ठ 567 बिल्बीस, दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत) (एटलस फ़ुतूहात इस्लामिया, भाग 2 पृष्ठ 225 दारुस्सलाम रियाज़ 1428)

इस जंगी कश्मकश के दौरान एक ऐसा वाक़िया पेश आया जो मुसलमानों की बुद्धिमता और अख़लाक़ी बरतरी की दलील है। वाक़िया इस प्रकार है कि जब बिल्बीस में अल्लाह तआला ने मुसलमानों को फ़त्हा नसीब फ़रमाई तो इस में मक़ूक़स की लड़की गिरफ़्तार हुई जिसका नाम अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हा था। वह अपने बाप की चहीती बेटी थी। उसका बाप कस्तंतीन बिन हर्क़ल से उससे शादी करना चाहता था। वह इस शादी पर राज़ी नहीं थी। इसलिए वह अपनी ख़ादिमा के साथ सैर-ओ-तफ़रीह के लिए बिल्बीस आई हुई थी। बहरहाल जब मुसलमानों ने उसे गिरफ़्तार किया तो हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो ने समस्त सहाबा किराम रज़ियल्लाहु अन्हु की एक मजलिस बुलाई और उन्हें अल्लाह तआला का यह फ़रमान सुनाया कि هَلْ جَزَاءُ الْاِحْسَانِ اِلَّا الْاِحْسَانُ (अल् रहमान:61) क्या एहसान का बदला एहसान के अतिरिक्त कुछ और भी हो सकती है? फिर इस आयत अर्थात هَلْ جَزَاءُ الْاِحْسَانِ اِلَّا الْاِحْسَانُ के हवाले से कहा कि मक़ूक़स ने हमारे नबी अलैहिस्सलाम अलैहि वसल्लम के पास भेंट भेजी थी। मेरी राय है कि इस लड़की और इस के साथ जो अन्य महिलाएं हैं और उस के सेवक हैं और जो माल हमें मिला है वह सब कुछ मक़ूक़स के पास भेज दो। सब ने अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो की राय को दरुस्त क़रार दिया। फिर अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो ने मक़ूक़स की बेटी अरमानूस को उसके समस्त जवाहरात, अन्य महिलाएं और ख़िदमत गुज़ारों के साथ निहायत इज़्ज़त और सम्मान से उस के बाप के पास भेज दिया। वापस होते हुए उस की ख़ादिमा ने अरमानूस से कहा हम हर तरफ़ से अरबों के घेरे में हैं। अरमानूस ने कहा मैं अरबी ख़ेमे में जान और इज़्ज़त को महफ़ूज़ समझती हूँ लेकिन अपने बाप के क़िला में अपनी जान को महफ़ूज़ नहीं समझती। फिर जब वह अपने बाप के पास पहुंची तो उस के साथ मुसलमानों का बरताव देखकर वह बहुत ख़ुश हुआ।

(सय्यदना उमर बिन ख़त्ताब अज़ अली मुहम्मद सलाबी, उर्दू अनुवादक, पृष्ठ 758-759 प्रकाशन अल् फुर्क़ान ट्रस्ट ख़ान गढ़ पाकिस्तान)

फिर उम् दूनीन एक जगह है, वहां की फ़तह का वर्णन है। बिल्बीस की फ़तह के बाद हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो सहरा की सरहद पर पेशक़दमी करते हुए उम् दूनीन की बस्ती के क़रीब जा पहुंचे जो दरिया-ए-नील पर ख़लीज तुराजन के स्रोत के पास स्थित था। यह ख़लीज सुइज़ के क़रीब मिस्र के शहर को बहीरा रुम से मिलाती थी जहां आजकल क़ाहिरा का मुहल्ला उज़बेकिया है वहीं उस ज़माने में उम् दूनीन की बस्ती थी जिसे रोमियों ने क़िला बंद कर रखा था। इस के क़रीब दरिया-ए-नील का घाट था और इस घाट पर बहुत सी कश्तियां खड़ी रहती थीं। यह बस्ती बाबिल्यून के उत्तर में थी जो शहर-ए-मिस्र का सबसे बड़ा क़िला था। इस लिहाज़ से उम् दूनीन को मिस्रियों के इस महबूब इलाक़े की, जो पिछले ज़मानों के फ़िरऔनों की राजधानी भी रह चुका था, सबसे पहली दिफ़ाई चौकी कहा जा सकता है। उम् दूनीन के क़रीब जा कर मुसलमानों ने पड़ाव डाला। रोमियों ने क़िला बाबिल्यून में अपनी बेहतरीन फ़ौज पहुंचा दी थी और उम् दूनीन के क़िला को ख़ूब अच्छी तरह मज़बूत करके जंग के लिए तैयार हो गए थे। जासूसों की ख़बरों से हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो को अनुमान हो गया कि उनकी फ़ौज क़िला बाबिल्यून की फ़तह या उसके घेराव के लिए नाकाफ़ी है। उन्होंने एक क़ासिद के हाथ एक पत्र मदीना भेजा और इस में अपनी यात्रा मिस्र के हालात, क़िलों की तफ़सीलात और उन पर हमला करने के लिए सहायता की ज़रूरत का प्रकटन किया। उधर फ़ौज में यह ऐलान करा दिया कि सहायता करने वाली फ़ौजें बहुत जल्द पहुंचने वाली हैं। इस के बाद उम् दूनीन की तरफ़ बढ़े और इस का घेराव करके क़िला में आहार और फ़ौज की आवश्यक चीज़ों की रसद रोक दी। क़िला बाबिल्यून में जो रूमी थे उन्होंने इधर आने की कोशिश नहीं की क्योंकि बिल्बीस में अर्तबून का परिणाम देख चुके थे और वे जानते थे कि अरबों से खुले मैदान में लड़ना उनके बस की बात नहीं है। उम् दूनीन की फ़ौजें जबकि कभी-कभार निकलतीं और नाकाम झड़पों के बाद वापस हो जातीं। कई हफ़्ते इसी तरह गुज़र गए। इसी अस्ना में ख़बर मिली कि ख़िलाफ़त के दरबार में से पहली मदद की फ़ौज रवाना कर दी गई और वह आजकल में पहुंच सकती है। इस ख़बर से मुसलमानों की हिम्मत और ताक़त में बढ़ोतरी हो गई।

(हज़रत उमर फ़ारूक़-ए-आज़म रज़ियल्लाहु अन्हो अज़ मुहम्मद हुसैन हैकल अनुवादक अशअर, पृष्ठ 567-570 इस्लामी पुस्तक ख़ाना उर्दू बाज़ार लाहौर)

हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने इस्लामी लश्कर की मदद के लिए चार हज़ार सिपाही भेजे। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने हर हज़ार आदमी पर एक अमीर निर्धारित किया। इन अमीरों के नाम हज़रत ज़ुबैर बिन अवाम रज़ियल्लाहु अन्हु, हज़रत मिक़दाद बिन अस्वद रज़ियल्लाहु अन्हु, हज़रत उबादा बिन सामित रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत मस्लमा बिन मुखल्लद रज़ियल्लाहु अन्हु थे। एक कथन के अनुसार हज़रत मस्लमा बिन मुखल्लद रज़ियल्लाहु अन्हु की जगह खारजा बिन हुज़ाफा अमीर थे। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने यह सहायता भेजने के साथ हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो को पत्र लिखा कि अब तुम्हारे साथ 12 हज़ार मुजाहिदीन हैं। यह संख्या कमी की वजह से कभी मग़लूब नहीं होगी। रूमी जंगजू क़िबतियों को साथ लेकर मुसलमानों का मुक़ाबला करने के लिए निकले। दोनों फ़ौजों में शदीद लड़ाई हुई। हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो ने हिक्मत-ए-अमली से अपनी फ़ौज को तीन हिस्सों में तक़सीम किया। एक हिस्सा को हमर के पहाड़ के क़रीब एक जगह पर ठहरा दिया। दूसरे हिस्से को उम् दूनीन के क़रीब दरिया-ए-नील के किनारे एक जगह पर ठहरा दिया और फ़ौज का बक़ीया हिस्सा लेकर दुश्मन के मुक़ाबले पर निकले। जिस वक़्त दोनों फ़ौजों में सख़्त लड़ाई हो रही थी हमर पहाड़ में छुपी फ़ौज ने निकल कर पीछे से हमला कर दिया जिससे दुश्मन का फ़ौजी निज़ाम दरहम-बरहम हो गया और वे उम् दूनीन की तरफ़ भागे। वहां इस्लामी फ़ौज का दूसरा हिस्सा तैयार था। उसने उनका रास्ता रोक दिया। इस तरह रूमी फ़ौज मुसलमानों की तीनों फ़ौजों के मध्य फंस गई और दुश्मन को शिकस्त हुई।

(सय्यदना उमर बिन ख़त्ताब रज़ियल्लाहु अन्हो अज़ अली मुहम्मद अल् सलाबी अनुवादक, पृष्ठ 759 प्रकाशन अल् फुर्क़ान ट्रस्ट ख़ानगढ़ पाकिस्तान)

विभिन्न फ़ुतूहात के बारे में वर्णन है कि उम् दूनीन की फ़तह के बाद सबसे पहले फ़य्यूम के इलाक़े पर हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो ने फ़तह हासिल की और इस इलाक़े का सरदार इस लड़ाई में क़तल हो गया। (उद्धरित सय्यदना हज़रत उमर फ़ारूक़ आज़म रज़ियल्लाहु अन्हो अज़ मुहम्मद हुसैन हैकल अनुवादक हबीब अशअर, पृष्ठ 571-572 इस्लामी पुस्तक ख़ाना उर्दू बाज़ार लाहौर)

फिर अयनुल शम्स में मुसलमानों का रोमियों से मुक़ाबला हुआ। इस से पूर्व आठ हज़ार मुजाहिदीन का लश्कर बतौर सहायता हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो से आ मिला जिसकी कमान हज़रत ज़ुबैर बिन अवाम रज़ियल्लाहु अन्हु के हाथ में थी और इस में हज़रत उबादा बिन सामित रज़ियल्लाहु अन्हु, हज़रत मिक़दाद बिन अस्वद रज़ियल्लाहु अन्हु और मस्लमा बिन मुखल्लद अन्य भी थे। इस जंग में भी मुसलमानों ने फ़तह हासिल की। इसके बाद फ़यूम के पूरे राज्य पर मुसलमानों ने फ़तह हासिल की। मुसलमानों की फ़ौज के एक हिस्सा ने राज्य मनूफिया के दो शहरों अस्त्रीब और मनूफिया पर फ़तह पाई। (सय्यदना हज़रत उमर फ़ारूक़ आज़म रज़ियल्लाहु अन्हो अज़ मुहम्मद हुसैन हैकल अनुवादक अशअर, पृष्ठ 573-579 इस्लामी पुस्तक ख़ाना उर्दू बाज़ार लाहौर)(एटलस फ़ुतूहात-ए- इस्लामिया, भाग 2 पृष्ठ 229 दारुस्सलाम रियाज़ 1428)

युद्ध क़िला बाबिल्यून या फ़ुसतात की फ़तह के बारे में लिखा है कि हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो उम् दूनीन की फ़तह के बाद क़िला बाबिल्यून की तरफ़ बढ़े और इस का ज़बरदस्त घेराव किया। अब इस इलाक़े का नाम फ़ुसतात है। इस के नामकरण का कारण यह है कि अरबी में ख़ेमे को फ़ुसतात कहते हैं। हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो ने क़िला को फ़तह करने के बाद जब यहां से कूच करने का हुक्म दिया तो संयोग से एक कबूतर ने हज़रत अम्र रज़ियल्लाहु अन्हु के ख़ेमे में घोंसला बना लिया था। जब उनकी नज़र इस पर पड़ी तो उन्होंने हुक्म दिया कि इस ख़ेमे को यहीं रहने दो और हज़रत अम्र रज़ियल्लाहु अन्हो ने सिकंदरिया से वापस आकर उसी ख़ेमे के क़रीब शहर बसाया इसलिए यह शहर फ़ुसतात के नाम से प्रसिद्ध हो गया।

(उद्धरित अल् फ़ारूक़ अज़ नुमानी पृष्ठ 150-151 दारुल इशात कराची 2004 ई.)

क़िला में मुहाफ़िज़ दस्ते की संख्या का अंदाज़ा पाँच से छः हज़ार तक लगाया जाता था और वह हर तरह से तैयार थे। हज़रत अम्र रज़ियल्लाहु अन्हु ने क़िला बाबिल्यून का घेराव शुरू किया। सिकंदरिया के बाद यह बहुत मज़बूत क़िला था और पक्की ईंटों से बनाया हुआ था और चारों तरफ़ से दरिया-ए-नील के पानियों से घिरा हुआ था चूँकि दरिया-ए-नील पर वाक़्य था और जहाज़ और कश्तियां क़िला के दरवाज़े पर आकर लगती थीं इसलिए सरकारी ज़रूरतों के लिए निहायत उचित स्थान था। अरब इस मज़बूत क़िला पर हमला करने के लिए आवश्यक चीज़ों के साथ नहीं थे न वे इसके लिए तैयार थे।

(सीरत उमर फ़ारूक रज़ियल्लाहु अन्हो अज़ मुहम्मद रज़ा पृष्ठ 264-265 मकतबा इस्लामिया 2010 ई.)

हज़रत अम्र रज़ियल्लाहु अन्हु ने अव्वल उस का घेराव करने की तैयारियां कर लीं। मक़ूक़स जो मिस्र का राजा था वह हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो से पहले क़िला में पहुंच चुका था और लड़ाई का बंद-ओ-बस्त कर रहा था। हज़रत ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हु ने घोड़े पर सवार हो कर ख़ंदक़ के चारों तरफ़ चक्कर लगाया और जहां-जहां ज़रूरतें थीं मुनासिब संख्या के साथ सवार और सिपाही निर्धारित किए। यह घेराव नियमित सात माह तक जारी रहा और विजय और पराजय का फ़ैसला नहीं हुआ। (उद्धरित अल् फ़ारूक़ अज़ शिबली नुमानी, पृष्ठ 150 दारुल इशात कराची 2004 ई.)

इस दौरान रूमी फ़ौज कभी कभी क़िले से बाहर आकर जंग भी करते लेकिन फिर वापस चले जाते। इस दौरान मक़ूक़स अपने सफ़ीरों को सहायता करने और धमकाने के उद्देश्य से हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो के पास भेजता रहा। हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो ने हज़रत उबादा बिन सामित रज़ियल्लाहु अन्हु को भेजा और सुलह करने के लिए केवल तीन शर्तें लगा दीं कि इस्लाम लाओ, जिज़्या दो या फिर जंग होगी और कहा कि इसके अतिरिक्त किसी बात पर सुलह नहीं हो सकती। न सुलह करना। मक़ूक़स ने जिज़्या देना मंज़ूर कर लिया और इस सिलसिले में हरक़्ल से आज्ञा मांगने के लिए ख़ुद हरक़्ल के पास गया लेकिन हरक़्ल ने इसे मानने से इनकार कर दिया बल्कि मक़ूक़स से सख़्त नाराज़ हुआ और उसको सज़ा देते हुए देशनिकाला करवा दिया। (सय्यदना उमर बिन ख़त्ताब रज़ियल्लाहु अन्हो का व्यक्तित्व और कारनामे अज़ अली मुहम्मद सलाबी उर्दू पृष्ठ 760 अल् फुर्क़ान ट्रस्ट ख़ान गढ़ पाकिस्तान)(उद्धरित

सय्यदना हज़रत उमर फ़ारूक़ आज़म रज़ियल्लाहु अन्हो अज़ मुहम्मद हुसैन हैकल अनुवादक हबीब अशअर, पृष्ठ 582 और -584 और -590 इस्लामी पुस्तकों ख़ाना उर्दू बाज़ार लाहौर)

जब क़िला बाबिल्यून की फ़तह में अधिक ताख़ीर नज़र आई तो हज़रत ज़ुबैर बिन अवाम रज़ियल्लाहु अन्हु कहने लगे कि अब में अपनी जान अल्लाह के रास्ते में भेंट करने जा रहा हूँ। मुझे उम्मीद है कि अल्लाह तआला इसी से मुसलमानों को फ़तह अता फ़रमाएगा। यह कह कर नंगी तलवार ली और सीढ़ी लगा कर क़िला की फ़सील पर चढ़ गए। चंद और सहाबा ने भी आपका साथ दिया। फ़सील पर चढ़ कर सबने एक नारा लगाया और साथ ही समस्त फ़ौज ने भी नारा लगाया जिस से क़िला की ज़मीन दहल गई। ईसाई समझ गए कि मुसलमान क़िला के अंदर घुस आए वे बदहवास हो कर भागे और हज़रत ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़सील से उतर कर क़िला का दरवाज़ा खोल दिया और समस्त फ़ौज अंदर आ गई और लड़ते लड़ते क़िला को फ़तह कर लिया। (सय्यदना उमर बिन ख़त्ताब रज़ियल्लाहु अन्हो व्यक्तित्व और कारनामे अज़ अली मुहम्मद सलाबी अनुवाद, पृष्ठ 760 अल् फ़ुर्क़ान ट्रस्ट ख़ान गढ़ पाकिस्तान (उद्धरित अल् फ़ारूक़ अज़ शिबली नुमानी, पृष्ठ 150 दारुल इशात कराची 2004 ई.)

हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो ने उन्हें इस शर्त पर अमान दे दी कि रूमी फ़ौज अपने साथ चंद दिनों की ख़ुराक लेकर यहां से निकल जाए और क़िला बाबिल्यून में जो ज़ख़ीरा और जंगी असलाह है उन्हें हाथ नहीं लगाऐं क्योंकि वे मुसलमानों के अम्वाल-ए-ग़नीमत हैं। इसके बाद हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो ने क़िला बाबिल्यून के गुम्बदों और बुलंद और मुस्तहकम दीवारों को तोड़ दिया।

(सय्यदना उमर बिन ख़त्ताब रज़ियल्लाहु अन्हो शख़सीत और कारनामे अज़ अली मुहम्मद सलाबी उर्दू अनुवाद, पृष्ठ 760 अल् फ़ुर्क़ान ट्रस्ट ख़ान गढ़ पाकिस्तान)

क़िला बाबिल्यून की फ़तह के बाद इस्लामी फ़ौज ने मिस्र में मुख़्तलिफ़ इलाक़ों और क़िलों पर फ़ुतूहात हासिल कीं जिनमें सबसे नुमायां, तर्नुत, नकवीस, सुल्तैस, किर्यून इत्यादि हैं।

(सय्यदना हज़रत उमर फ़ारूक़ आज़म रज़ियल्लाहु अन्हो अज़ मुहम्मद हुसैन हैकल अनुवादक हबीब अशअर, पृष्ठ 608,605, 603, 602, इस्लामी पुस्तक ख़ाना उर्दू बाज़ार लाहौर)

सिकंदरीया की फ़तह किस तरह हुई? इस बारे में लिखा है कि फ़ुस्तात की फ़तह के बाद हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने सिकंदरीया की फ़तह की भी आज्ञा दे दी। सिकंदरीया और फ़ुसतात के मध्य किर्यून के स्थान में रोमियों के साथ शदीद जंग हुई जिस में मुसलमानों को फ़तह हुई। इस के बाद सिकंदरीया तक रूमी सामने नहीं आए। मक़ूक़स जिज़्या देकर सुलह करना चाहता था लेकिन रोमियों ने इस पर दबाओ डाला जिसके परिणाम में मक़ूक़स ने हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो को संदेश भेजा कि वे और क़िबती क़ौम इस जंग में शामिल नहीं हैं। इसलिए हमें इस में कोई हानी न पहुंचे। क़िबती इस युद्ध से अलग रहे जबकि उन्होंने इस्लामी फ़ौज का साथ दिया और मुसलमानों के लिए रास्ता ठीक करने लगे और पुल मुरम्मत करने लगे। सिकंदरीया के घेराव में भी क़िबती लोग मुसलमानों को सहायता प्रदान करते रहे। सिकंदरीया की एहमीयत का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि जिस वक़्त मुसलमानों ने सिकंदरीया को फ़तह किया उस वक़्त इस शहर को दारुल हकूमत की हैसियत हासिल थी। क़ुस्तुनतुनिया के बाद बाज़ नितीनी रूमी बादशाहत का दूसरा बड़ा शहर माना जाता था। मज़ीद इसके दुनिया का सबसे पहला तिजारती शहर था। कुछ नितीनी यह बात अच्छी तरह जानते थे कि यदि इस शहर पर मुसलमानों का ग़लबा हो गया तो उस के बहुत भयानक परिणाम सामने आएँगे। इसी परेशानी की हालत में हरक़्ल ने यहां तक कह दिया था कि यदि अरब सिकंदरीया पर ग़ालिब आ गए तो रूमी हलाक हो जाएंगे। सिकंदरीया में हरक़्ल ने मुसलमानों से लड़ने के लिए स्वयं तैयारी की थी लेकिन तैयारी के दौरान मर गया और उसका बेटा किस्तनतीन बादशाह बना। सिकंदरीया अपनी फ़सीलों की उस्तिवारी, ज़ख़ामत, महल की बनावट और मुहाफ़िज़ों की अधिकता की वजह से दिफ़ाई एतबार से अपना एक अलग स्थान रखता था। सिकंदरीया का घेराव नौ माह तक जारी रहा। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो को तशवीश हुई और हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने पत्र लिखा कि शायद तुम लोग वहां रह कर ऐश परस्त हो गए हो अन्यथा फ़तह में इस क़दर देर नहीं होती। इस संदेश के साथ मुसलमानों में जिहाद की तक़रीर करो और हमला करो। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो का यह पत्र सुनाने के बाद हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो ने हज़रत उबादा बिन सामित रज़ियल्लाहु अन्हु को बुलाया और झंडा उनके सपुर्द किया। मुसलमानों ने निहायत शदीद हमला किया और शहर फ़तह कर लिया। उसी वक़्त हज़रत अम्र रज़ियल्लाहु अन्हु ने मदीना क़ासिद रवाना किया और उस को कहा कि जिस क़दर तेज़ जा सको जाओ और अमीरुल मोमेनीन को ख़ुशख़बरी सुनाओ। क़ासिद ऊंटनी पर सवार हुआ और मंज़िलें तै करते हुए मदीना पहुंचा। चूँकि दोपहर का वक़्त था तो इस ख़्याल से कि यह आराम का वक़्त है, ख़िलाफ़त के दरबार में जाने से पहले सीधा मस्जिद नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का रुख किया। संयोग से हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो की लौंडी इधर आ निकली और पूछा कि कौन हो और कहाँ से आए हो? क़ासिद ने कहा सिकंदरीया से आया हूँ। इस लौंडी ने उसी वक़्त जा कर ख़बर दी और साथ ही वापस आई और कहा कि चलो तुमको अमीरुल मोमेनीन बुलाते हैं। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो बग़ैर इंतिज़ार के ख़ुद चलने के लिए तैयार हुए और चादर सँभाल रहे थे कि क़ासिद पहुंच गया। फ़तह का हाल सुनकर ज़मीन पर गिरे और सजदा शुक्र अदा किया। आप रज़ियल्लाहु अन्हो उठ कर मस्जिद में आए और मुनादी करा दी कि الصلوٰۃ جَامِعَہ। यह सुनते ही सारा मदीना उमड आया। क़ासिद ने सब के सामने फ़तह के हालात वर्णन किए। इसके बाद क़ासिद हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो के साथ उनके घर गया। उसके सामने खाना पेश किया गया। फिर हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने क़ासिद से पूछा कि सीधे मेरे पास क्यों नहीं आए? उसने कहा कि मैंने सोचा कि आप रज़ियल्लाहु अन्हो आराम कर रहे होंगे। फ़रमाने लगे तुमने मेरे सम्बन्ध में यह क्यों गुमान किया? मैं दिन को सोऊँगा तो ख़िलाफ़त की ज़िम्मेदारी कौन उठाएगा?

सिकंदरीया की फ़तह के साथ सारा मिस्र फ़तह हो गया। इन युद्धों में कसरत से क़ैदी बनाए गए। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने समस्त क़ैदीयों के सम्बन्ध में हज़रत अम्र रज़ियल्लाहु अन्हु को माध्यम से पत्र इरशाद फ़रमाया कि सबको बुला कर कह दो कि उनको इख़तियार है कि मुसलमान हो जाएं या अपने मज़हब पर क़ायम रहों। इस्लाम क़बूल करेंगे तो उनको वे समस्त हुक़ूक़ हासिल होंगे जो मुसलमानों को हासिल हैं अन्यथा जिज़्या देना होगा जो समस्त ज़िम्मियों से लिया जाता है। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो का यह फ़रमान जब क़ैदीयों के सामने पढ़ा गया तो बहुत से क़ैदीयों ने इस्लाम क़बूल किया और बहुत से अपने मज़हब पर क़ायम रहे। जब कोई व्यक्ति इस्लाम का इज़हार करता तो मुसलमान अल्लाहु-अकबर का नारा बुलंद करते थे और जब कोई व्यक्ति ईसाइयत का इक़रार करता था तो समस्त ईसाइयों में मुबारकबाद का शोर उठता था और मुसलमान दुखी होते थे।

(उद्धरित अल् फ़ारूक़ अज़ नुमानी, पृष्ठ 162 से 165 दारुल इशात कराची 1991ई.) (उद्धरित सय्यदना उमर बिन ख़त्ताब रज़ियल्लाहु अन्हो अज़ अल् सलाबी उर्दू अनुवाद, पृष्ठ 760 ता 764 अल् फ़ुर्क़ान ट्रस्ट ख़ान गढ़ पाकिस्तान)

सिकंदरीया की लाइब्रेरी जलाए जाने की घटना भी कुछ मुस्तश्रिक़ीन बड़े ज़ोर शोर से वर्णन करते हैं। इस की हक़ीक़त क्या है? सिकंदरीया की इस फ़तह के विषय में मुख़ालिफ़ीन विशेषता ईसाई लेखकों की तरफ़ से एक एतराज़ किया जाता है कि हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने सिकंदरीया में मौजूद एक बहुत बड़े पुस्तक ख़ाने को जलाने का हुक्म दिया था और इस एतराज़ के साथ मानों यह तास्सुर पैदा करने की कोशिश की जाती है कि मुसलमान नऊज़ूबिल्लाह (हम इससे ख़ुदा की शरण चाहते हैं) किस क़दर ज्ञान और बुद्धि के मुख़ालिफ़ थे और सिकंदरीया में मौजूद इतने बड़े पुस्तकों ख़ाने को जिला दिया कि छः माह तक आग जलती रही हालाँकि अक़ल-ओ-नक़ल दोनों एतबार से यह आरोप सरासर बनावटी और जाली मालूम होता है क्योंकि जिस क़ौम को उसके रब और राहनुमा रसूलुल्लाह सल्लल्लाहोअलैहिस्सलाम अलैहि वसल्लम ने यह फ़रमाया हो कि طَلَبُ الْعِلْمِ فَرِيْضَةٌ عَلٰى كُلِّ مُسْلِمٍ कि इलम हासिल करना हर मुसलमान पर फ़र्ज़ है (सुंन इब्ने माजा इफ़्तिताह अल्किताब फ़ी سنن ابن ماجه افتتاح الكتاب فى الايمان وفضائل الصحابة والعلم، باب فضل العلماء والحث على طلب العلم, , हदीस नंबर 224)

और जिसने यह आदेश दिया हो कि اُطْلُبُوا الْعِلْمَ وَلَوْ بِالصِّيْنِ कि इल्म हासिल करो चाहे चीन जाना पड़े (कन्ज़ुल उम्माल भाग 10 पृष्ठ 138 किताब

बाब अव्वल फ़ी तरग़ीब फ़ी, हदीस 28697 मोअस्ससा अल् रिसाला बेरूत1985 ई.)

और जिनके लिए क़ुरआन-ए-करीम में ज्ञान और बुद्धि और तदब्बुर-ओ-तफ़क्कुर के लिए दर्जनों आदेश और आयात मौजूद हों ऐसे लोगों पर पुस्तक ख़ाने को जलाने का आरोप लगाना अक़ल और दिरायत के उसूलों के ख़िलाफ़ है। इसके अतिरिक्त बहुत से मुहक़्क़िक़ीन जिनमें ख़ुद ईसाई और यूरोपीयन मुहक़्क़िक़ शामिल हैं उन्होंने इस बात का खंडन किया है और साबित किया है कि सिकंदरीया के पुस्तकों ख़ाने को जलाए जाने का वाक़िया सरासर बनावटी और जाली क़िस्सा है। इसलिए मिस्र के एक ज्ञानी मुहम्मद रज़ा अपनी तसनीफ़ "सीरत उमर फ़ारूक रज़ियल्लाहु अन्हो" में इस वाक़िया का वर्णन करते हुए लिखते हैं कि सिकंदरीया में आग लगने का जो एतराज़ किया जाता है इस का वर्णन अबुल फ़र्ज मलती ने किया है। उसने यह वाक़िया तारीख़ की एक किताब "मुख़त्सैरुल दूवल" में किया है। यह तिथि 1226 ई. में पैदा हुआ और 1286 ई. में फ़ौत हुए। उसने लिखा है कि फ़तह के वक़्त يُوحَنَّا اَلنَّحْوِى नामक एक व्यक्ति जो क़िबती पादरी था और मुसलमानों में यहया के नाम से प्रसिद्ध हुआ, एतिक़ाद के लिहाज़ से ईसाइयों के फ़िर्क़ा याकूबिया से उसका सम्बन्ध था और बाद में ईसाइयों के अक़ीदा तस्लीस से रुजू कर लिया। उसने अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो से ख़ज़ायन मुलूकियात में से हिक्मत की पुस्तकें मांगी तो हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो ने उत्तर दिया कि हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो से आज्ञा के बाद ही कुछ बताने के योग्य हूँगा। वैसे तो यह बिल्कुल झूठी कहानी है लेकिन फिर भी एतराज़ को रद्द करने के लिए वर्णन कर देता हूँ। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने लिखा कि आप रज़ियल्लाहु अन्हो ने जिन किताबों का वर्णन किया है यदि तो उनका मवाद अल्लाह तआला की किताब के अनुसार है तो फिर जो कुछ अल्लाह तआला की किताब में है वह हमारे लिए काफ़ी है और उन किताबों की हमें कोई ज़रूरत नहीं और यदि उनका मवाद अल्लाह तआला की किताब के विपरीत है तो फिर इन किताबों की हमें कोई ज़रूरत नहीं। लिहाज़ा आप ऐसी किताबें ज़ाए करा दें। हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो ने सिकंदरीया के हमामों पर इन किताबों की छांटी शुरू कर दी और उन्हें इन भट्टियों में जला दिया। इस तरह वे किताबें छः माह में ख़त्म हो गईं।

